दैनिक

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

बर्षः- 04
अंकः-181
मुरादाबाद
(Moday)
21 October 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## आरजे शंकरा अस्पताल का पीएम ने किया उद्घाटन, जनता को भी किया संबोधित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नेत्र रोगों के उपचार की सारी सुविधाएं आरजे अस्पताल में मौजूद है। पूर्वांचल सहित यूपी के लोगों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा।काशी का संत समाज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने के लिए सिगरा स्टेडियम की ओर निकल पड़ा है। रास्ते में शंखध्वनि और डमरू की आवाज गूंजती रही। सिगरा स्टेडियम के बाहर डीजे की धुन पर जय श्रीराम... का नारा गुंजायमान होने लगा है। कार्यकर्ताओं की भीड़ अब बढ़ने लगी है। वाराणसी के कई बड़े नेताओं का भी यहां जमावड़ा




दिखने लगा है।सिगरा स्टेडियम में एक स्कूल से आई छात्रा प्रिंसी गुप्ता ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री बहुत अच्छे लगते हैं। यहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी प्रधानमंत्री को सुनने के लिए पहुंचे हैं। प्रिंसी ने बताया कि हम लोग स्कूल की तरफ से मोदी जी का प्रोग्राम देखने आए हैं। सिगरा स्टेडियम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे आए हैं। उनका कहना है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए आए हैं। इन्होंने काशी सांसद सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हिस्सेदारी की थी। जिन बच्चों को जीत मिली, उन्हें ही यहां पर पीएम मोदी को सुनने का मौका मिला है।रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ता का फोन चोरी हो गया। शोर सुनकर उसके पास आए बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने एलाउंस करके खोजने की अपील की।सिगरा स्थित वाराणसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बाहर भाजपा कार्यकर्ता खुशी की मुद्रा में डांस करते दिखे। हर-हर मोदी के नारे के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। वहीं, सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस संदिग्ध लोगों की नजर रखे हुए है। यहां खिलाड़ी भी पहुंचने लगे हैं।हरिहरपुर स्थित आरजे शंकरा अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर यहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहीं स्वामीजी से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा।वाराणसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पीएम मोदी लगभग साढ़े चार बजे इससे पहले कॉम्प्लेक्स के बाहर लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी है।आरजे शंकरा अस्पताल में कायक्रम का शुभारंभ हो चुका है। यहां लगभग तीन सौ बसों से लोग पहुंचे थे। लोगों की जुबान पर हर-हर मोदी का नारा था। पूरे कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षाकर्मियों के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद हैं। उधर, वाराणसी एयरपोर्ट पर एक बड़ा टीवी डिस्प्ले लगाया दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के लाइव कवरेज को दिखाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अजब-गजब मामला: दो सहेलियों को एक छात्र से हुआ प्यार... तीनों ने किया ये काम; पुलिस भी हैरान

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के शाहपुर इलाके में कच्ची उम्र के प्रेम का अजब-गजब का मामला सामने आया है। यहां की दो छात्राओं ( सहेलियों ) को मोहल्ले के ही एक छात्र से प्यार हो गया। दोनों ने उसके साथ रहने का फैसला किया। फिर घर छोड़कर उसके साथ बिहार चली गईं। परिजनों ने अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दी तो शाहपुर पुलिस ने तीनों को बिहार से खोज निकाला और उन्हें गोरखपुर लेकर आई। दोनों छात्राएं और उनका प्रेमी छात्र तीनों ही नाबालिग हैं।जानकारी के मुताबिक, लापता हुई दो छात्राओं में से एक की मां ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनकी बेटी 16 अक्तूबर को दूध लेने के लिए घर से निकली थी, फिर नहीं लौटी। जांच के क्रम में पता चला कि पड़ोस की एक और छात्रा भी लापता है। पुलिस सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन तलाशते हुए बिहार के हथुआ पहुंची। छात्राओं ने पुलिस को बताया कि एक ही लड़के से दोनों प्यार करती हैं। इसको लेकर तीनों में किसी को आपत्ति भी नहीं है। तीनों साथ रहना चाहते हैं। उनकी बातें सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई फिर समझाकर तीनों को गोरखपुर लाई। अब पुलिस आरोपी छात्र के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि दो किशोरियों को पुलिस ने खोज निकाला है। आरोपी छात्र पर कानूनी कार्रवाई की

## व्यापारी के बेटे की हुई हत्या पर प्रियंका गांधी ने सरकार पर साधा निशाना, कही न्याय दिलाने की बात

रायबरेली के ऊंचाहार में व्यापारी के बेटे की हत्या के बाद प्रियंका गांधी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखते हुए उन्होंने सरकार से न्याय की मांग की। सराफा व्यवसायी शोभित कौशल की हत्या में इंतहा की हदें पार की गईं। आरोपियों ने ऐसी क्रूरता बरती कि जिसने भी उसके शव को देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। व्यवसायी के शरीर पर एक के बाद एक चाकू से 12 से ज्यादा वार किए गए। शव देखकर यही कयास लगाए जा रहे हैं कि हत्यारे तब तक उसके शरीर पर चाकू मारते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। सभी लोग आरोपियों के एनकाउंटर की मांग कर रहे हैं। झाड़ियों में पड़े व्यवसायी के शव को जब पुलिस ने बाहर निकाला तो उसका शरीर पूरी तरह से चाकू से छलनी किया गया था। गला चाकू से रेता गया था। पेट से लेकर सीने तक में 12 से ज्यादा वार किए गए थे। उसकी हत्या इतनी बेरहमी से की गई, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी आंत तक बाहर निकल आई थी।ऐसे में जाहिर है कि आरोपी सराफा व्यवसायी किसी बात से इतना



ज्यादा चिढ़े थे कि उसकी क्रूर तरीके से हत्या की। जैसे ही शव मिलने की जानकारी हुई, वैसे ही घटनास्थल पर व्यापारियों व क्षेत्रीय लोगों का मजमा जुट गया। शव देखकर हर कोई हैरान और स्तब्ध था। सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहवार कहते हैं कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। प्रियंका गांधी ने फेसबुक पर की पोस्ट पर लिखा - उत्तर प्रदेश के सर्राफा व्यापारी राकेश कौशल के बेटे शोभित के अपहरण और हत्या का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उत्तर प्रदेश में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि शोभित का अपहरण उनकी दुकान से किया और हत्या कर दी। रायबरेली की जनता में इसे लेकर जबरदस्त आक्रोश है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। प्रदेश सरकार से मेरी मांग है कि मामले में सख्त कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार के साथ न्याय हो। जेवर दिखाने के बहाने ले गए और मार डालासराफा व्यवसायी शोभित कौशल की हत्या की स्क्रिप्ट हत्या आरोपियों ने पहले ही तैयार की थी। इसका तनिक भी अंदाजा व्यवसायी को नहीं था। शोभित की जान पहचान पहले से ही आरोपियों से थी। वह उनके झांसे में आकर सोने-चांदी के जेवरात की डिजाइन दिखाने के लिए उनके साथ बाहर चला गया। शोभित कौशल दुकान पर बैठकर सोने-चांदी की बिक्री करता था, जबकि उसके पिता राकेश कौशल गांवों में फेरी लगाकर सोने-चांदी की बिक्री करते थे। फेरी लगाने के बाद राकेश शाम पांच बजे अपनी दुकान पर प्रतिदिन पहुंचते थे। पुलिस सूत्रों की माने तो घटना वाले दिन शोभित दुकान पर था। आरोपी उसकी दुकान पर पहुंचे और उससे सोने-चांदी के जेवरात खरीदने का झांसा देते हैं। आरोपी व्यवसायी से शर्त रखते हैं कि वह सोने-चांदी की जेवरात की डिजाइन दिखाने उसके साथ चले। इस पर शोभित दुकान बंद करता है और एक आरोपी के साथ चला जाता है। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी जाती है। चूंकि आरोपियों को पहले ही इस बात की जानकारी थी कि व्यवसायी का पिता शाम पांच बजे दुकान पर पहुंचेगा। इसलिए हत्या के बाद आरोपियों का इरादा सोने-चांदी के जेवरात लूटना था। बताते हैं कि फेरी लगाने के दौरान मृतक युवक के पिता का किसी बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इस पर पिता राकेश दोपहर में ही दुकान पर पहुंच गया। देखा कि एक आरोपी दुकान से जेवर लूट रहा है। बेटा दुकान पर नहीं मिला। आरोपी युवक को पकड़कर पिता ने पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस देर रात घटना की जांच करती रही। सूत्रों के मुताबिक धर्मेंद, गुलाब के अलावा प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाला एक युवक मास्टरमाइंड है।

## 'हमारे निरंतर प्रयासों' का नतीजा', बुजुर्गों के स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी के दायरे से बाहर करने पर बोली ममता

एक अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल ने आम लोगों को टैक्स में कटौती का समर्थन किया। आम लोगों के लिए पांच लाख तक कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को भी जीएसटी के दायरे से बाहर किया जा सकता है।केंद्र सरकार ने जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को जीएसटी के दायरे से बाहर करने का फैसला किया। केंद्र के इस फैसले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि यह फैसला राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए करो में कटौती करने को लेकर दबाव में है। ममता बनर्जी ने दी प्रतिक्रिया- एक अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल ने आम लोगों को टैक्स में कटौती का समर्थन किया। आम लोगों के लिए पांच लाख तक कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को भी जीएसटी के दायरे से बाहर किया जा सकता है। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में अगले महीने होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में किया जाएगा। स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को लेकर निर्णय लेने वाले जीओएम ने शनिवार को बैठक की। उन्होंने इस बैठक में पांच लाख से अधिक स्वास्थ्य बीमा 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 卐हमारे निरंतर प्रयासों का लाभ मिलता दिख रहा है। केंद्र सरकार को देखकर ऐसा लग रहा है कि स्वास्थ्य और जीवनबीमा पर 18 फीसदी जीएसटी के फैसले को वापस लेने के लिए जबाव बनाया गया है।卐 इसके साथ ही उन्होंने अगस्त में वित्त मंत्री को लिखे एक पत्र की प्रति भी साझा की। उन्होंने कहा, 卐मैंने केंद्रीय वित्त मंत्री को चिट्ठी लिखी थी। मैंने उन्हें चेतावनी दी थी कि स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने का उनका फैसला कमजोर व्यक्तियों को अपने बीमा कवरेज को सुरक्षित बनाने से रोकेगा।卐ममता बनर्जी ने आगे कहा, 卐यह हमारी तरफ से लगातार दबाव के कारण हुआ है। हमारे नेता जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़े हुए हैं। हमारे सांसद लड़ रहे हैं। हमारी वित्त मंत्री ने भी अच्छा संघर्ष किया।卐 उन्होंने कहा कि अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद का होगा। अगर वह नरम होकर फैसला करेंगे तो देशभर के लाखों परिवारों को बहुत लाभ होगा।



## संजय राउत का BJP और चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप, कहा- मिलीभगत से मतदाता सूची में कर रहे गड़बड़ी

संजय राउत ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूचियों में विसंगतियां हैं। उन्होंने हरियाणा में भी यही कोशिश की। हमने उन्हें लोकसभा में हराया और वे विधानसभा चुनाव में भी हार रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। ऐसे में यहां के राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने भाजपा और चुनाव आयोग को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने भाजपा पर चुनाव आयोग की मिली भगत से राज्य में मतदाता सूची से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाएगा। भाजपा फर्जी वोट बांट रही~ राउत- संजय राउत ने कहा, %वे ( भाजपा ) चुनाव आयोग की मदद से मतदाता सूची में गड़बड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा करीब 150 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और वह उन लोगों को ढूंढ रही है, जिन्होंने महा विकास आघाड़ी को वोट दिया है और उनके स्थान पर फर्जी मतदाताओं को वोट दे रहे हैं।%उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाएंगे और लोगों को बताएंगे कि देश में क्या हो रहा है। साथ ही आरोप लगाया, %केंद्रीय मंत्री अमित शाह चुनाव के बाद भी महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मगर हम ऐसा नहीं होने देंगे। उद्धव ठाकरे ने आज एक विशेष बैठक बुलाई है और हम एक महत्वपूर्ण फैसला लेंगे।% उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूचियों में विसंगतियां हैं। उन्होंने कहा, %महाराष्ट्र और झारखंड की मतदाता सूची में गड़बड़ियां हैं। उन्होंने हरियाणा में भी कोशिश की। हमने उन्हें लोकसभा में हराया और वे विधानसभा चुनाव में भी हार रहे हैं।% 23 होगा पार्टियों का फैसला- इस बीच, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सिर्फ एक महीने के साथ, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी दोनों ने अपनी चुनावी तैयारी तेज कर दी है, जो अपने घटकों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। क्या बोले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम?- भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि सीट बंटवारे को लेकर चर्चा अंतिम चरण में है।उन्होंने कहा, %कल हमने चर्चा के जरिये जिन सीटों पर परेशानी बनी हुई थी, उन्हें दूर किया। हम अगले दो दिनों में शेष बची सीटों को मंजूरी दे देंगे, हमने तय किया है कि जिन सीटों को मंजूरी मिली है, उनकी घोषणा उस पार्टी को अपनी सुविधानुसार करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की व्यवस्था में चुनाव समिति और संसदीय बोर्ड जैसी प्रक्रियाएं लगभग समाप्त हो चुकी हैं। हमारी पहली सूची कभी भी आ सकती है।% महाराष्ट्र में पार्टी के प्रभारी एवं कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने कल कहा था कि विधानसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे पर महा विकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच बैठक हो रही है और जल्द ही इस बारे में घोषणा किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, %सीटों का बंटवारा लगातार हो रहा है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।%



## संपादकीय Editorial

### Apart from curriculum and examination

the perspective of education that is needed will have to be made proficient in terms of quality and Sukhu government is trying with this message. If the standards of education make Himachal slip to 21st position in the national level evaluation, then it is the uselessness of the system and effort, which is defeating all the efforts in the school branches. Well, the problem has been known for years, but there is doubt in curing it. This doubt is political because the habit of opening unnecessary schools has made the governments mere spectators. On the lines of Khul Ja Sim Sim, schools and colleges kept opening without any vision and where subjects and curriculum became a compulsion. Literacy can be made available at the doorstep, but proper environment for education cannot be provided. This is not even the difference between government and private schools, because there too, in the name of future, the shine of the uniform or the tie around the neck is hanging. It is a different matter that the schools of CBSE and ICSE curriculum in the state are bringing about a change in the exam results, self-respect of parents and the future of students, unlike the schools under Himachal Pradesh School Education Board. It is also being seen that in the education of science, medical and engineering, Himachal's family is becoming the wealth of private schools, while in the list of other subjects, many government schools are also maintaining their status of excellence. Quality will neither come from buildings nor will it be full of announcements, rather it will be possible only with the faith of parents, practice of students and the beginning of new resolution, otherwise the departmental criteria are stuck in the calendar of annual holidays or the whole year is spent in the transfer of teachers. A student also wants to spend some years with a good teacher. For example, whether it is five years of primary education, three years of secondary education or four years of senior secondary, there the child searches for an ideal teacher of a curriculum. Education is now a competition to find diamonds from the sea of ??curriculum, so for this, stability of the teacher class is necessary in the school-college feeling. One has to think whether the transfer policy of teachers is helping education or this class, afflicted by this disease in its feeling of insecurity, is also making a makeshift curriculum. As long as the teacher is considered a voter and political language is prepared to support or oppose him, his role will not be useful for education. Of course, the governments made efforts, schemes embellished and curriculums gave foundation to education, but these tests failed at many levels. The first case was lost in the court of parents because the governments could not expand the career emerging from education. We could not understand that apart from medical-engineering, there is scope for career in other subjects as well. School-college education in the state is not able to ignite the skill of living, the spirit of competition and the flame of self-reflection. Our schools forgot sports, forgot crafts, forgot the knowledge of music and the class of social responsibility. Analysis of the journey from curriculum to examination cannot assess the quality of education, rather enthusiasm, motivation, breadth of study and proper use of information revolution in students are the needs of today, so that the roots of new ideas and innovation are strengthened in future competition. Unless the names of Himachali heroes who are successful in non-political and various fields are printed on the invitation cards of functions in government schools and colleges, the ideals will not be imprinted on the minds of children. According to one of our surveys, fifty percent of the youth.

# Challenges facing Artificial Intelligence and the new education policy

In 1871, John Ruskin used to publish a magazine keeping in mind the interests of workers. This magazine was also praised by Tolstoy and later Mahatma Gandhi also searched and read this magazine. Ruskin is of the opinion that only that education should be taken and only that education is education which gives knowledge of the soul. Every human being should know from childhood what clean air, clean water and clean soil are. How should they be kept and how should they be used? This is a basic question. Actually, this issue should be discussed in every era. We should learn a lesson from how we have treated these natural heritages in the era of industrial development till now? Regarding education, Acharya Rinpoche, a scholar of Buddhist philosophy, asks whether there is any place for wisdom, morality and samadhi in our current education system? Meaning, can we get any scope for wisdom, morality and ways to get freedom from the bonds of the world from today's education? This question also becomes important because at a time when everything is being priced, it is being considered a commodity and opportunities are being sought for buying and selling. If the same formula is being adopted in the field of education, then it is not surprising. According to an estimate, we are trying to find the possibility of contributing one trillion dollars to our economy from various sectors through Artificial Intelligence by the year 2035. There are indications of major changes in the current education system of schools, colleges and universities, financial institutions, banking, government work, and the process of retrenchment and job selection in every sector due to 'automation'. World famous historian Yuval Noah Harari claims that - by the year 2034, 'algorithms' and 'artificial intelligence' will be in a position to operate the world in every field. The question is what will happen to that 'Dukhharan Master Sahab' of our school, whom the people's poet Nagarjun talks about in one of his poems and makes us aware of that situation, which is still the reality of our villages - the walls are torn, the roof is leaking, the dolls dance on the niches. By showering five slaps on the helpless children every minute, in this way Dukhharan Master creates the mold of man. When the mold of creating man will be handed over to 'Algorithm' and 'Artificial Intelligence', then consider the service of people like 'Dukhharan Master Sahab' to be over. Because master sahabs like him will die before understanding this technology. The creator of this artificial intelligence machine is Alan Turing. In 1950, Alan Turing created a computer program that could think like a human being. Defining Artificial Intelligence in 1956, John McCarthy says that "Artificial Intelligence is a science of making intellectual machines. Through this, every kind of learning art and intellectual form can be implemented by the machine." The immediate effect of this technology coming into the field of education will be that now in the classroom, apart from the teacher, the medium of intellectual exchange will also be 'Artificial Intelligence', which will completely change the form of the classroom along with revolutionary changes in distance education. This artificial intelligence machine will sooner or later become the medium of education in India as well. But the question is whether such 'infrastructure' or such technology equipped master sahab is available in the villages at the primary level? We are taking new flights every day in every field of technological development. It should be hoped that the field of education will also not remain untouched by this. It is being claimed that 'Artificial Intelligence' will also be a platform to ease all kinds of difficulties of students during studies. It is capable of solving the strengths and weaknesses of every student through accurate interpretation of data. It also has the ability to explain the favorite and disliked topics of a student and accordingly decide their preferences. This will also make it easier for students to understand their subject and clarify their concepts. With the presence of Artificial Intelligence, there is a possibility of many more miraculous changes in the future, which no one can even imagine. It is a kind of double-edged sword technology. Therefore, it is equally important to be aware of those dangers. World famous historian Yuval Noah Harari warns in his recently published book 'Nexus' that - "Humans have got a weapon of mass destruction in the form of 'Artificial Intelligence'." In this book, Yuval Noah Harari has expressed the 'network' of information created by humans from the Stone Age to the age of 'Artificial Intelligence' through his studies and experiences till now. After the use of language in the development of human civilization, the exchange of information, discussion and behavior became easy. Through other means of communication such as print-radio, wireless-television-telegraph, internet and social media, it has become very easy to send information from one place to any part of the world in the blink of an eye. Nikola Tesla also predicted in the latter half of the 19th century that in the coming times, it will be possible to send a file from one end of the world to another through a 'single window system'. Like most of his predictions, this prediction is also today's reality. Human civilization has After the development of language, many institutions have also developed through conversation. Education is also one of those institutions, where we exchange our views through conversation. Yuval Noah Harari says about democracy that the institution of democracy has also strengthened and progressed through conversation. Today, social media, television and internet are the means of taking our views from one place to another. Through these mediums, we make the country and the world aware of our views. These mediums have a significant contribution in the development of democratic institutions. The question is that if 'artificial intelligence' and 'algorithm' are going to be the makers of our fate in the future, then what will happen to our prevalent tradition of conversation? Will we not be deprived of our fundamental right to make each other aware of our views and to disagree with them - which is the beauty of any democracy? There is a fear that in future 'artificial intelligence' will create the biggest obstacle in intellectual exchange. Our brain and our way of thinking is an 'organic entity' and 'artificial intelligence' is not that kind of 'organic entity'. It is such an 'entity' which works tirelessly and continuously. It not only attracts our attention, but now it is also monitoring every moment of our life. Therefore, the scope of our conversation is not limited to ourselves only, but it can no longer be claimed to be personal. In a way, 'artificial intelligence' is also destroying our trust and ability to communicate. As far as information is concerned, information is not always true. Yuval Noah Harari says that like information, truth is also a very complicated issue. If seen in this sense, then it is becoming very difficult to reach the bottom of the truth and to gain knowledge of truth in today's era. Till now we have been learning and teaching from each other through talking, thinking, listening, thinking, exchange of ideas. Now if there is no scope for dialogue, as Yuval Noah Harari is claiming, then it is very important that we start preparing the coming generation to face these challenges from now onwards.

# Role of Supreme Court, courts should move forward in the direction of delivering justice within the stipulated time

The Chief Justice of the Supreme Court also said yesterday that being the court of the people does not mean that we play the role of opposition in the Parliament. Undoubtedly, we should not play it, but is it hidden from anyone that for some time now, there has been a trend of challenging every decision of the government and even every law passed by the Parliament in the Supreme Court. Chief Justice of the Supreme Court DY Chandrachud rightly said that the apex court is the court of the people and it should play its role in this form, but is it able to do so? This question is because recently the Supreme Court rejected the petition in which it was requested to deliver the decision within the stipulated time. While rejecting this petition, it was said that the Supreme Court of India is not like America. Apart from this, it was also told that the number of cases disposed by us in a day is not disposed even in a year in many western countries. There is no denying this fact, but despite this, the truth is that crores of cases are pending in various courts of the country. Supreme Court is also included in these courts. It should be noted that the Supreme Court had said that the demand of disposal of cases within a fixed time is desirable, but had termed it impossible. After all, why should not that which is desirable be done? If there is a need to increase the number of judges and courts for disposal of cases, then why can't it be fulfilled? It is disappointing that instead of taking any initiative in this direction, the message is being given to the people of the country that we cannot deliver justice on time. At least at the level of Supreme Court, such a message should not be given, because not getting justice on time is injustice. It would be better if Supreme Court and High Court move forward in the direction of delivering justice within the stipulated time, so that lower courts are also inspired to do so and the crores of people who are waiting for justice, hope is awakened. The Chief Justice of the Supreme Court also said yesterday that being the people's court does not mean that we play the role of the opposition in Parliament. Undoubtedly, we should not play it, but is it hidden from anyone that for some time now, there has been a trend of challenging every decision of the government and even every law passed by the Parliament in the Supreme Court. If the Supreme Court reviews every decision of the government and Parliament with the help of public interest litigations and even stops the implementation of laws without examining their legality, as happened in the case of agricultural laws, then it will be seen playing the role of the opposition. If the Supreme Court has to strengthen its image as the people's court, then it will have to stop reviewing every decision of the Parliament and pay special attention to giving justice to the people on time.



## होटल कारोबारी के घर नौकरानी ने की थी चोरी, नकदी सहित 18 लाख का माल बरामद...तीन आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद। रविवार को पुलिस ने होटल कारोबारी के घर हुई चोरी का खुलासा कर दिया। पुलिस ने पांच लाख रुपये की नकदी सहित 18 लाख का माल बरामद किया है। साथ ही तीन आरोपियों



को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच लाख रुपये नकद और लगभग 13 लाख रुपये के सोने और चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। फिलहाल, पुलिस ने तीनों ही आरोपियों का मेडिकल कराकर जेल भेज दिया है। एसपी सिटी कुंवर रणविजय सिंह ने मामले का खुलासा कर जानकारी दी।यह मामला थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल कारोबारी के घर काम करने वाली नौकरानी पिछ्ले लंबे समय से घर मे रखी नकदी और सोने चांदी के जेवरात चुरा रही थी। घरवालों को जब इस मामले में जानकारी मिली तो पुलिस से शिकायत की गई। मामले में पुलिस ने तहकीकात शुरू की तो कई पहलू सामने आए। पुलिस ने नौकरानी सहित दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, घर में काम करने वाली नौकरानी काफी लंबे समय से घर में रखा माल चुराकर सुनार की दुकान पर बेच रही थी और नगदी भी चुरा रही थी। आरोपी पति-पत्नि ने चोरी के माल से मिली रकम से मकान बनाया था। कुछ दिनों पहले बाइक भी खरीदी थी। पुलिस ने नौकरानी व उसके पति और सोना खरीदने वाले ज्वेलर्स को गिरफ्तार किया है।

## गजब... स्मार्ट सिटी में कूड़े की चोरी, कबाड़ का सामान बेच कर रहे हैं मोटी कमाई, नहीं मिल रहा राजस्व

मुरादाबाद। स्मार्ट सिटी में कूड़े की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। इसमें चोर घरों से कूड़ा उठाकर कबाड़ बेचते हैं और कचरा सड़कों पर फेंक देते हैं। नगर निगम ने तीन कंपनियों से अनुबंध किया है, लेकिन कूड़ा चोर मनमाना शुल्क लेकर अवैध रूप से कचरा उठा रहे हैं। स्मार्ट सिटी में कूड़े की चोरी हो रही है। नगर निगम अधिकारियों की नजरों से बचते हुए चोर लोगों के घरों से कूड़ा उठाते हैं और उससे कबाड़ का सामान निकालकर उसे बेचकर कमाई करते हैं। इसके बाद कूड़े को सड़कों के किनारे फेंक देते हैं, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसके अलावा कूड़ा चोर लोगों से कूड़ा उठाने के नाम पर भी मनमाना शुल्क वसूल करते हैं।नगर निगम के अधिकारियों को जब इस चोरी की जानकारी हुई तो वे दंग रह गए। अब कूड़ा चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी है। नगर निगम की ओर से शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए तीन कंपनियों से अनुबंध किया गया है। ये कंपनियां शहर के सभी 70 वार्ड में कूड़ा कलेक्शन का काम करती हैं। इन कंपनियों की ओर से काम में लापरवाही या ढिलाई बरती जाती है, जिसका फायदा अन्य लोग उठा रहे हैं और कूड़े की चोरी कर रहे हैं। कूड़ाा चोर लोगों के घर व मोहल्लों से कूड़ा उठाने के नाम पर मनमाना चार्ज वसूल रहे हैं। कूड़ा उठाने के नाम पर वसूली की कोई रसीद भी नहीं देते हैं और न ही निगम को इसका राजस्व मिलता है। ऐसे मामले कांठ रोड, जिगर कॉलोनी, फकीरपुरा जैसे क्षेत्र में अधिक हैं। निगम ने जिन कंपनियों से अनुबंध किया है, वह कूड़े का कलेक्शन करने के बाद कचरे को निर्धारित डंपिंग ग्राउंड में एकत्र करती हैं। जहां से उसे खाद बनाने वाले प्लांट में भेज दिया जाता है।रामपुर रोड पर स्थित इस प्लांट में कचरे का निस्तारण कर कंपनी उससे कंपोस्ट खाद तैयार करती है, जिसका जैविक खेती में उपयोग होता है। वहीं कूड़ा चोर कचरे को निस्तारण के लिए भेजने के बजाय उसे खुले में फेंक रहे हैं।अनुबंधित कंपनी के अलावा भी कुछ लोग कूड़ा उठा रहे है। कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वह ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर मुकदमा दर्ज कराएं। दीपावली के बाद इस मामले की जांच की जाएगी और ऐसा करने वालों को दंडित किया जाएगा। लोगों से अपील है कि वह अनुबंधित कंपनियों को ही कूड़ा दें। - दिव्यांशु पटेल, नगर आयुक्त




## दो सगे भाइयों की ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए के नीचे दबकर मौत, नींद की झपकी आ जाने से हुआ हादसा

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में जीरो पॉइंट के पास सुबह तड़के नींद की झपकी आ जाने से सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो जाने से दो सगे भाइयों की पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना के बाद हाइवे पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मिलते परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी। पाकबड़ा थाना क्षेत्र उमरी सब्जीपुर निवासी दो सगे भाई छोटू उर्फ रति पुत्र भुरा ओर मुन्ना पुत्र भुरा रविवार को सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर रामपुर जा रहे थे। सुबह करीब 4.45 बजे के समय कटघर थाना क्षेत्र के जीरो पॉइंट पर पहुंचने पर अचानक से दोनों भाइयों को नींद की झपकी आ गई, जिसके चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो जाने से डिवाइडर में घुस गई। दोनों भाई गिरकर पहिए के नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सीमेंट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने साथ थाने ले आई। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है दोनों सगे भाई ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाने का कार्य करते थे। दोनों सीमेंट भर के रामपुर जा रहे थे। अचानक नींद की झपकी आ जाने से ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई जिसके चलते दोनों भाईयों की पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई है। दोनों की शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## कातिल के कबूलनामे से पुलिस भी सन्न: जीजा संग मिलकर सोनू ने काटा था रिंकी का गला, दोनों एक ही थाने में थे तैनात

मुरादाबाद। पुलिस विभाग को शर्मसार कर देने वाली इस घटना रामपुर में तैनात सिपाही सोनू कुमार ने दी है, वो रामपुर में अधिसूचना इकाई में तैनात थे। जबकि सोनू की पत्नी रिंकी रामपुर के महिला थाना में ही तैनात थीं। मुरादाबाद थाना कटघर क्षेत्र में रामगंगा नदी के किनारे गर्दन कटी मिली महिला के शव के मामले में रामपुर पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। सिपाही पति सोनू कुमार ने बहनाई ब्रजपाल उर्फ बंटी के साथ मिलकर सिपाही पत्नी रिंकी ( 35 ) की अवैध संबंध के शक में हत्या की थी। लक्ष्मीनगर स्थित मकान में हत्या कर कार से शव को मुरादाबाद कटघर में ले जाकर रामगंगा में फेंक दिया, जबकि गर्दन धड़ से अलग कर थोड़ी दूरी पर फेंक दी। सिविल लाइन पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस विभाग को शर्मसार कर देने वाली इस घटना रामपुर में तैनात सिपाही सोनू कुमार ने दी है, वो रामपुर में अधिसूचना इकाई में तैनात थे। जबकि सोनू की पत्नी रिंकी रामपुर के महिला थाना में ही तैनात थीं। मूल रूप से बिजनौर के थाना चांदपुर के गांव रायपुर खादर गांव निवासी सोनू ने 14 अक्तूबर को थाना सिविल लाइन पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इसके बाद थाना सिविल लाइन पुलिस ने दरोगा तरुण वर्मा ने जांच शुरू की। फोन कॉल डिटेल सहित अन्य सूत्रों से महिला सिपाही को ढूंढने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। 18 अक्तूबर थाना कटघर जिला मुरादाबाद रामगंगा नदी में अज्ञात महिला के शव मिलने की सूचना मिली। जिसका पंचायतनामा भरकर शिनाख्त के लिए शव को मोर्चरी के लिए मुरादाबाद में रखवाया गया। दरोगा तरुण वर्मा फोर्स के साथ मृतिका रिंकी के गांव के ही परिचित ओमपाल सिंह दरबड़ थाना चांदपुर बिजनौर व मृतिका के पति सोनू कुमार द्वारा मृतका की शिनाख्त दाएं हाथ पर गुदे ओम व एक अंगुली का नाखून को देखकर की गई। हालांकि शव की शिनाख्त के लिए भी पुलिस को जद्दोजहद करनी पड़ी। पूछताछ के बाद आरोपी पति सोनू ने मामले की जानकारी दे दी। मामले में आरोपी पति ने बताया कि वो पत्नी पर अवैध संबंध को लेकर शक करता था। जिसको लेकर दोनों में आए दिन झगड़ा भी रहता था, जिसके चलते सोनू ने सिपाही पत्नी की हत्या कर दी। लक्ष्मीनगर स्थित आवास में की गला घोटकर हत्या- आरोपी पति ने बताया ने प्रेम-प्रसंग के चलते हुए उसने अपनी पत्नी रिंकी की हत्या लक्ष्मीनगर स्थित आवास पर ही कर दी थी। जिसमें उसके बहनोई ब्रजपाल ने भी उसका साथ दिया। बहनोई ब्रजपाल उर्फ बंटी जमालुद्दीनपुर थाना चांदपुर बिजनौर का ही रहने वाला है। उसने फोन कर बहनाई को बुलाया और घटना को अंजाम दिया। दोनों ने पत्नी रिंकी की हत्या कर शव को छिपाने का प्रयास किया है। कार से शव को मुरादाबाद के कटघर ले जाकर रामगंगा नदी में फेंक दिया। पहचान छिपाने के लिए सिर को धड़ से अलग कर दिया। लेकिन पुलिस को कुछ ही दूर से सिर भी मिल गया, जिससे शिनाख्त में आसानी हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के साथ घटना में प्रयोग ब्रजपाल उर्फ बंटी की कार और गर्दन काटने वाला चाकू भी बरामद कर लिया है। मृतका के सही शिनाख्त के लिए डीएनए रिपोर्ट परीक्षण के लिए भिजवाई जा रही है।



### संक्षिप्त समाचार

## निजी होटल में सीढ़ियों से गिरकर गनमैन की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र के ताजपुर रोड पर एक निजी होटल में गनमैन की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। होटल में सीढ़ियों से गिरने के बाद गनमैन की पैर की हड्डियां टूट गईं। इस घटना के बारे में जानकारी नहीं होने के चलते रातभर गनमैन घायल अवस्था में पड़ा रहा। जब होटल के बाकी स्टाफ की नजर जख्मी गनमैन पर पड़ी तो उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। बिलारी थाना क्षेत्र में सौंदरा गांव निवासी मज्जू खा बीते 15 दिनों से कटघर थाना क्षेत्र में ताजपुर रोड स्थित एक निजी होटल में गनमैन की नौकरी कर रहे थे। शनिवार देर रात होटल की दूसरी मंजिल की सीढ़ियां उतरते समय गनमैन जीने से पैर फिसलकर गिर गए। सीढ़ियों से गिरने की वजह से उनके पैर में फैक्चर हो गया। जिसकी वजह से वो चल नहीं पाए और उनकी मौत हो गई। परिवार वालों ने होटल मालिक पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी करने पर मृतक के बड़े बेटे अमजद ने बताया वह सात बहन भाई हैं। सभी विवाहित हैं। उनके पिता कुछ साल पहले ही नलकूप विभाग से अमीन के पद से रिटायर हुआ थे थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी सामने आएगा उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म: वीडियो बनाकर करते रहे ब्लैकमेल, सोने की चेन और नकदी भी हड़पी, पुलिस भी टरकाती रही

मुरादाबाद। कटघर क्षेत्र निवासी महिला ने अपने पति के दोस्तों पर दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।कटघर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने पति के दोस्तों पर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने बताया कि उनके पति शहर से बाहर नौकरी करते हैं। इस दौरान पति के दोस्त पंकज और राजीव ने उसके साथ दुष्कर्म किया।विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को उसके बच्चों की हत्या करने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने एक वीडियो कॉल की और उसे धमकी देकर निर्वस्त्र करा दिया। इस दौरान आरोपी ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो उसके मोबाइल पर भेजा और वायरल करने की धमकी देकर सोने की चेन और नकदी हड़प ली।पीड़िता ने थाने में पंकज और राजीव की शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला - दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया। आरोपी पति ने मायके पहुंचकर विवाहिता को तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने पति समेत 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी छह साल पहले मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद पति और ससुराल वालों ने कार और पांच लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि ससुराल में देवर, जेठ और ननदोई ने उसके साथ छेड़खानी की। 20 सितंबर को पति और ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और दो मासूम बच्चों समेत उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह मायके आ गई। आरोप है कि दो दिन बाद पति मायके पहुंचा और उसे तीन तलाक देकर चला गया। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पति समेत 13 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## दीपोत्सव: आसमान में 600 ड्रोन से उकेरेंगे श्रीराम की आकृति, नगर निगम 27 को मनाएगा भव्य दिवाली

मुरादाबाद। मुरादाबाद में 27 अक्तूबर को नगर निगम भव्य दीपोत्सव का आयोजन करेगा। शहर के आठ स्थानों पर पांच लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। साथ ही, 600 ड्रोन की मदद से आसमान में श्रीराम की आकृति उकेरी जाएगी। मुरादाबाद में दिवाली से पहले ही पीतलनगरी रोशनी से जगमग होगी। नगर निगम की ओर से इस बार 27 अक्तूबर को भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। शहर के आठ स्थानों पर पांच लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। इसके साथ ही नगर निगम की ओर से भव्य ड्रोन शो भी आयोजित होगा। इसमें 600 ड्रोन की मदद से आसमान में अयोध्या की तरह ही भव्य रामलीला के प्रसंगों की झलकियां दिखाई जाएंगी और आसमान में ही श्रीराम की आकृति उकेरी जाएगी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि दीपोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।भव्य ड्रोन शो और पांच लाख दीपक की रोशनी को देखकर शहरवासियों को एक अलग तरह के आनंद का अहसास होगा। ड्रोन शो करीब बीस मिनट का होगा। इस कार्यक्रम में तकरीबन 1500 स्कूली बच्चे, महापौर, पार्षद व अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। कहां कितने दीपक जलेंगे-कंपनी बाग 25 हजार सर्किट हाउस 30 हजार सोनकपुर स्टेडियम एक लाख पुलिस लाइन मैदान एक लाख हिंदू डिग्री कॉलेज एक लाख पारकर इंटर कॉलेज एक लाख रामलीला मैदान एक लाख सीएल गुप्ता घाट दो हजार



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने त्रिपोलिया चौक से लेकर लाल गेट चलाया चेकिंग अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को त्रिपोलिया चौक से लेकर लाल गेट तक एक विशेष



चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ घेरकर सामान रखने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने फुटपाथ को अवरुद्ध किया, तो उनके चालान किए जाएंगे। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े वाहन चालकों के चालान भी किए गए, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था को रोका जा सके। सत्येंद्र कुमार ने जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। रविवार को लगने वाले संडे बाजार में भीड़ अधिक होने पर यातायात प्रभारी ने अपनी टीम के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए तैनात रहे। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे पैदल भ्रमण करने वालों के लिए रास्ता खाली रखें ताकि जाम की समस्या से निपटा जा सके। सत्येंद्र कुमार ने यह भी बताया कि वे भविष्य में इस प्रकार के अभियान जारी रखेंगे और जो दुकानदार नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा न करें, ताकि यातायात सुगम बना रहे। इस अभियान का उद्देश्य न केवल जाम की समस्या को हल करना है, बल्कि शहर में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

# मां गंगा सेवा समिति ने चलाया सफाई अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। करवा चौथ के पावन अवसर पर मां गंगा सेवा समिति द्वारा रानी घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। समिति ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा पर जोर देते हुए घाट पर फैले कचरे और पॉलीथिन का भूविसर्जन किया। समिति के



सदस्यों ने घाट पर पहुंचकर देखा कि बारिश के मौसम और बढ़े जलस्तर के कारण घाट का रास्ता खराब हो गया था, जिससे श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सभी सदस्यों ने मिलकर फावड़ों और अन्य उपकरणों की सहायता से रास्ते को सुगम बनाया। इसके बाद घाट पर बिखरी पॉलीथिन और कचरे को साफ किया गया, जिससे घाट की स्वच्छता बनी रहे। समिति ने आने वाले दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मिट्टी से बनी मूर्तियों की स्थापना करें और उनका विसर्जन अपने घरों पर ही करें, ताकि गंगा जल प्रदूषित न हो। इस सफाई अभियान में आलोक चतुर्वेदी, जय ओम, अनुज प्रताप सिंह, नीतू मिश्रा, आशीष मिश्रा, और देव चतुर्वेदी सहित कई गंगा सेवक शामिल रहे। समिति का उद्देश्य न केवल गंगा की पवित्रता बनाए रखना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। श्रद्धालुओं ने समिति के इस कदम की सराहना की और गंगा तट की स्वच्छता बनाए रखने के संकल्प को दोहराया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### प्राथमिक विद्यालय में अचानक जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण शैक्षिक स्तर काफी मिला खराब

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/शमसाबाद।प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी को छात्रों का शैक्षिक स्तर काफी खराब मिला। छात्र सामान्य सवालों का जवाब का भी जवाब नहीं दे सके। सफाई व्यवस्था भी खराब मिली। सीमेंट की बोरियां एवं अन्य निर्माण सामग्री स्कूल के कक्ष भरी हुई थी। इस पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं खंड शिक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किए जाने की निर्देश दिए। हालांकि शाम को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया है। जिला अधिकारी डॉक्टर बी के सिंह ने शमशाबाद ब्लॉक क्षेत्र के गांव उलियापुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला अधिकारी ने बच्चों से सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे और ब्लैक बोर्ड पर लिखवाकर भी देखा। छात्रों का शैक्षिक स्तर काफी खराब पाया गया। विद्यालय में सफाई की स्थिति काफी खराब मिली। विद्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया। विद्यालय की एक कक्ष में सीमेंट की बोरियां एवं निर्माण सामग्री भरी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी गहरी नाराजगी जताई गई।

### लगातार ट्रैफिक नियमों की उड़ रही धज्जियां

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। कादरी गेट थाना चौराहे पर ट्रैफिक नियमों का जमकर उलंघन हो रहा है। यहां सीएनजी टेंपो सवारियों को बेहद खतरनाक तरीके से भरकर ले जाते हैं, जिससे किसी भी समय



बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी न के बराबर है। जब कभी कोई बड़ा हादसा होता है, तब ट्रैफिक पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाने का दावा करती है, लेकिन आमतौर पर यहां ट्रैफिक व्यवस्था का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। सीएनजी टेंपो चालक सवारियों को जरूरत से ज्यादा भरकर ले जाने में लगे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इस कारण न केवल यात्रियों की जान को खतरा है, बल्कि सड़क पर अन्य वाहनों के लिए भी यह एक बड़ा जोखिम बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह एक गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस से अपील की है कि वे इस स्थिति पर ध्यान दें और कादरी गेट चौराहे पर ट्रैफिक नियमों को सख्ती से लागू करें। ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले सीएनजी टेंपो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। वाहनों की ओवरलोडिंग से अक्सर ही दुर्घटनाएं होती रहती हैं काफी नियंत्रण के बावजूद भी वाहन चालक ओवरलोडिंग करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# पुलिस द्वारा वांछित पाँच अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद।गौरव पुत्र बांकेलाल निवासी मझिगवां थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा थाना जहानगंज में लिखित प्रार्थना दिया कि दिनांक 19.10.2024 को समय करीब सुबह 9 बजे ग्राम मझिगवां में उसके परिजन व विपक्षीगण अपने-अपने खेत में आलू की बुआई कर रहे थे।खेत की जुताई करते समय विपक्षीगण द्वारा हमारे खेत की मेढ़ ट्रैक्टर से काट दी थी।उसी बात को लेकर विपक्षीगणों द्वारा एकराय होकर उसके परिजनों के साथ लाठी-डण्डों, सरिया, कुल्हाड़ी, फावडा व नाजायज अमहलों से लैश होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करना तथा जान से मारने की नियत से फायर करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में कमलेश पुत्र रमेश,विमलेश पुत्र रमेश,कौशलेन्द्र पुत्र रमेश,राहुल पुत्र रामबाबू,अश्वनी पुत्र अमरभान, जयचन्द्र पुत्र अमरधान रमेश पुत्र रामस्वरूप,अमरभान पुत्र रामस्वरूप रामबाबू पुत्र रामस्वरूप निवासीगण मनिगवां थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद पंजीकृत किया गया। उक्त मामले की विवेचना में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. अश्वनी पुत्र अमरभान, 2. बयचन्द्र पुत्र अमरभान, 3. अमरभान पुत्र रामस्वरुप, 4. विमलेश पुत्र रमेशचन्द्र, 5. कमलेश पुत्र रमेशचन्द्र निवासीगण ग्राम मझगवा थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर धान के खेत से 1 लाइसेंसी दोनाली बंदूक व 01 खोखा कारतूस 12 बोर व 01 तंमचा व 01 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज व 01 कुल्हाड़ी बरामद किया गया।पूछताछ के दौरान उक्त दोषियों ने बताया कि दिनांक 19.10.2024 को समय करीब प्रातः 09.00 बजे बह लोग अपने खेतो में आलू की बुआई कर रहे थे, पास में बांकेलाल जो कि हमारे गांव के है,वह भी अपने खेत में आलू की बुआई का कार्य कर रहे थे, खेत की जुताई करते समय हमारे ट्रैक्टर से बकिताल के खेत की थोड़ी सी मेड कट गयी थी, उसी बात को लेकर हमारा झगड़ा हो गया था, बाकेलाल तथा उसके अन्य परिवारीजन हमको गाली गलौज करने लगे थे, हम लोगों ने गुस्से में आकर उनके ऊपर लाठी डंडो, टकौरा, फावड़ा आदि से हमला कर दिया था तथा तमचे व बंदूक से फायर किये थे, मौके पर भीड भाड इक्टट्टा होने लगी थी। रास्ते में हमने भागते समय तमंचा व कारतूस को धान के खेत में फेक दिया था।




# बाढ़ से तबाह हो गई भारी मात्रा में गन्ने की फसल, क्या शासन, प्रशाशन पोंछ पाएगा पीड़ित अन्नदाताओं के आंसू

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/ अमृतपुर।बाढ़ प्रभावित इलाके में गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है , मानसून सत्र में भारी बारिश होने से गंगा नदी में बैराजों से भारी मात्रा में छोड़े गए पानी से गंगा की तलहटी में भीषण बाढ़ की वजह से लगभग एक महीने से अधिक समय तक जल भराव रहा था। जिसकी वजह से खरीफ सीजन की सभी फसलें तबाही की भेंट पहले ही चढ चुकी थीं, अन्नदाताओं को गन्ने की फसल से कुछ उम्मीद थी। जैसे ही बाढ़ का पानी खेतों से बाहर निकला तो अधिक समय तक पानी भरे रहने से गन्ने में भी रोग लग गया जिससे लगभग इलाके में तीस परसेंट तक गन्ने की फसल भी नष्ट हो गई है। जिससे खराब हुई फ़सल को देख कर अन्नदाताओं के माथे पर बल पड़ना लाजिमी है, क्योंकि मध्यम वर्गीय अन्नदाता ज्यादातर फसल ऋण लेकर ही लागत लगाता है। ज्यादातर बैंकों से ऋण लेते हैं, कुछ लोग गांव के साहूकारों से भी ब्याज पर रकम ले लेते हैं फसल कटने के उपरांत बैंकों, साहूकारों का ब्याज सहित रकम वापस कर देते हैं। लेकिन बाढ़ रूपी आपदा ने अन्नदाताओं को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है जब उनकी फसल ही नहीं बची तो वह बैंकों, साहूकारों की रकम कैसे लौटा पाएंगे। जब इस संबंध में रामपुर जोगराजपुर के अन्नदाता मुन्नू सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कि अभी पिछले बर्ष खेती में लागत लगाने को ऋण लिया था वो भी रकम अभी नहीं लौटा पाई थी क्योंकि पिछले बर्ष भी दो महीनों तक हमारे गांव का इलाका पूरी तरह से बाढ़ के पानी से जलमग्न रहा था जिससे खरीफ की पूरी की पूरी फ़सल तबाह हो गई थी, इस उम्मीद पर पिछले बर्ष से ज्यादा गन्ने की फसल बोई थी कि पिछले बर्ष के नुकसान की शायद इस बर्ष भरपाई हो जाए लेकिन नियति को शायद कुछ ओर ही मंजूर है इस बर्ष भी गन्ने की फसल ज्यादा दिनों तक जलमग्न रहने की वजह से काफी तादात में खराब हो गई है। वहीं भऊपुर चौरासी के राजू सिंह की भी काफी गन्ने की फसल बरबाद हो गई है उनका भी कुछ यही हाल है कि खरीफ की ज्यादातर फसल बरबाद होने के बाद गन्ने की फसल पर उम्मीद थी वो भी टूट गई। माखन नगरा के भी अन्नदाताओं ने बताया कि जो गन्ने की फसल ऊपरी इलाकों में थी वो तो सुरक्षित है जो फसल तलहटी में थी वो लगभग पूरी की पूरी तबाह हो गई माखन नगरा के अन्नदाता रामदयाल यादव ने बताया कि पिछले दो वर्षो से कुछ हांथ नहीं आता है हां कर्ज जरूर बढ़ता चला जा रहा है क्योंकि हम लोगों की मुख्य फसल गन्ना ही है जिससे हमें उम्मीद रहती उसी से परिवार का पूरे बर्ष का खर्च चलता है लेकिन विगत दो वर्षों से जब हमारी फसल ही मटियामेट हो जाती है तो कर्ज कहां से अदा करें ओर कहां से परिवार का भरणपोषण करें। लगभग विकास खंड राजेपुर के गंगा नदी की तलहटी में बसने वाले सभी गांवों के अन्नदाताओं का हाल है। सरकार द्वारा जो मुआवजा दिया जाता वो भी सभी को मिल नहीं पाता है उसमें या तो बिचौलिए अपने अपने परिवारों को दिलवा लेते हैं ओर जिन्हें बिना बिचौलियों के मिल भी जाता है तो वो ऊंट के मुंह में जीरा साबित होती है। क्योंकि लेखपालों द्वारा सर्वे भी असरदार लोगों के दरबार में बैठकर किया जाता है किसी को एक एकड़ का दस हजार तो किसी को उतनी ही जमीन का दो हजार, वही पुरानी कहावत चरितार्थ होती है कि अंधा बांटे रेवड़ी पुनि अपने को देई, कुछ वही पीड़ित अन्नदाताओं के साथ होता है।



# अमृतपुर तहसील मुख्यालय पर अव्यवस्थाओं का मकड़जाल, परिसर में गंदगी के साथ साथ लटक रहे हैं बिजली के नंगे तार

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। अमृतपुर तहसील परिसर में कभी गंदगी को लेकर समाचार पत्रों में खबरें छपती हैं तो कहीं बड़ी बड़ी झाड़ियों को लेकर समाचार पत्रों की सुर्खियां बटोर रहा तहसील अमृतपुर परिसर इसी कड़ी में तहसील मुख्यालय की इमारत में हर कहीं बद इंतजामी का नजारा दिखने को मिल जायेगा। परिसर में लटकते विजली के नंगे तार परिसर की इमारत की शोभा बढ़ा रहे हैं जगह जगह लटक रहे विजली के तार देखे जा सकते हैं। तहसील मुख्यालय में अगर एक बार बारीकी से निरीक्षण किया जाए तो तो प्रशासनिक अधिकारी चकरा जाएंगे कि तहसील मुख्यालय के आला अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को लेकर कितने गम्भीर हैं। कई बार समाचार पत्रों में खबरें छपने के बावजूद आधिकारिक स्तर पर किसी के जूं तक नहीं रेंगी अभी तक ये सोचने का विषय है। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा कहीं स्वच्छता अभियान चलाया जाता है तो कहीं कुछ आधिकारिक वेबसाइट पर सिर्फ फोटो अपलोड कर इति श्री कर ली जाती है परन्तु धरातल पर सब कुछ वैसा का वैसा ही है। पिछले अंक में समाचार पत्र में दो बार छापा भी जा चुका है कि जगह जगह लगे कूड़े के ढेर जहां मच्छरों की भरमार है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय पर पांच बजे के बाद तहसील में कुछ लोगों वकीलों के बिस्तर पर पड़े तख्तों पर जाम भी छलकाने का दौर भी चलता है। जिसकी जीती जागती मिशाल पिछले अंकों में शराब ओर खाली बोतलों की तस्वीरें साझा हो चुकीं हैं लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही निकला। खैर समाचार पत्रों को खबर छापकर अवगत कराने का काम है न कि खुद उस कार्य को करने का वैसे पिछले अंक में उप जिलाधिकारी अमृतपुर अतुल कुमार सिंह से इस मामले में बातचीत की गई तो उन्होंने तहसील में किसी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति है नहीं लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि साफ सफाई करवाने को कई बार डी पी आर ओ से व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया गया लेकिन विकास खंड राजेपुर में ए डी ओ पंचायत की हठ धर्मी ही कहेंगे कि अभी तक परिसर की स्थिति जस की तस है। वहीं आज इसी संबंध में उप जिलाधिकारी अमृतपुर अतुल कुमार सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि तहसील मुख्यालय की इमारत के जीर्णोद्धार के लिए शासन से धन आ चुका है ओर कार्यदाई संस्था आर ई एस को नामित किया जा चुका है जल्द ही संस्था टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत कार्य शुरू किया जाएगा जिससे इमारत की सारी कमियों को सुधारा जाएगा लेकिन सफाई व्यवस्था को मैं कई बार डी पी आर ओ से बोल भी चुका हूं उसके बावजूद कोई सफाई कर्मी कार्य करने नहीं आ रहा है, जब अधिक कहने पर सामने आया है कि कोई कोई अपने को किसी जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार बताता है तो कोई किसी का रिश्तेदार हो जाता है कोई काम नहीं करना चाहता है मेरे अंडर में जो कर्मचारी हैं उन से जो भी हो सकता काम करवा रहे हैं, सफाई मामले में प्रधान भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं क्योंकि कि तहसील अमृतपुर ग्राम पंचायत अमृतपुर में स्थित है तो अमृतपुर प्रधान से भी कहा गया तो उन्होंने भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया अमृतपुर में तीन सफाई कर्मी हैं उसके बावजूद प्रधान किसी को नहीं भेज रहे हैं। जल्द ही इस मामले को जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह जी के सामने रखेंगे। रही शराब की खाली बोतलों की तो मेरे तहसील कर्मचारीयों में कोई ऐसी हरकत तहसील मुख्यालय में नहीं करेगा यहां जानकारी मिली है कि यहां कुछ एक वकील है उनके यहां के कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। जिसको मैने संज्ञान लिया है। जल्द ही इस सब चीजों पर अंकुश लगाने का कार्य किया जाएगा। जब सफाई व्यवस्था के संबंध में जब खंड विकास अधिकारी राजेपुर सुनील कुमार जायसवाल से बात करने की कोशिश की गई तो उनके को सी यू जी नंबर पर दो बार फोन किया गया उसके बावजूद उन्होंने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा और न ही बाद में कॉल वापस की।

# थाने में देवी का अपमान, मत भूलो न्याय की देवी खुली आंखों से देख रहीं हैं

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के हरदुआगंज थाने में महिला को जमीन पर बैठाकर फरियाद सुन रहे ये दरोगा सुरेंद्र तोमर हैं, जो हरदुआगंज थाने के साधू-आश्रम हल्का के कार्यवाहक इंचार्ज है। शनिवार को गांव कलाई में दो भाइयों में विवाद होने पर पुलिस दोनों को थाने ले आई, पीछे आई पत्नी झगड़े की वजह बताकर करवाचौथ त्यौहार का हवाला देकर सुलह की गुहार लगा रही थी। मगर भारतीय संविधान से अलग दरोगा का महिला सम्मान के प्रति खुद का कानून है, जिसे दरोगा ने सख्त लहजा अख्तियार करते हुए लागू कर जिससे मायूस महिला जमीन पर बैठकर रहम की दुहाई देने लगी, थाने में कैमरे होने से तो दरोगा को कोई फर्क नहीं पड़ता मगर मीडिया के कैमरे को चालू देख दरोगा जी चेते। यही नहीं हल्का फील्ड में तो दरोगा के व्यवहार व क्राइम कंट्रोल के खासे चर्चे हैं। पिछले दिनों देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट के परिसर में स्थित न्याय की देवी की प्रतिमा की आंखों से पट्टी हटाकर उसे खुली आंखों के साथ दिखाया गया है, इसके साथ ही न्याय की देवी का एक हाथ में संविधान और दूसरे में न्याय का तराजू थामे दिखाई देना ऐतिहासिक फैसला है। मगर न्याय के प्रथम व अहम स्थल थाने में बैठे सुरेंद्र तोमर जैसे दरोगा की आंखों से सामंतवादी सोच की पट्टी खुले बिना क्या न्याय संभव है, ऐसा लगता है वर्दी के गुरुर में जैसे इनकी आत्मा ही मर गई है। न्याय की देवी की तरह ही इनकी आंखों से संकीर्ण सोच की पट्टी हटना व इनके हाथ में संविधान की किताब आना भी जरूरी है। जिससे न्याय के उच्च या सर्वोच्च दर पर पहुंचने से पहले फरियादी का थाने में मान सम्मान का यूं हनन ना हो उनकी न्याय की उम्मीद को यूं ही ना कुचल दिया जाए। तभी पुलिस स्मृति दिवस पर हर भारतवासी को खाकी वर्दी कीर्ति पर गर्व होगा।



# युवती की फर्जी आईडी बनाई, धर्मांतरण का बनाया दबाव, मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ थाना बन्ना देवी में एक मोबाइल कंपनी में नौकरी करने वाली युवती ने दूसरे संप्रदाय की महिला पर पहले दोस्ती करने व बाद में धर्मांतरण का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।बन्ना देवी इलाके की युवती ने कहा है कि वह एक मोबाइल कंपनी में काम करती है। आरोप है कि उसकी सोशल मीडिया पर बनी आईडी पर पिछले दिनों साथ में रहने वाली शहर के मैरिस रोड बेगपुर निवासी सहेली ने अनाविया पत्नी सलमान निवासी जमालपुर से दोस्ती कराई थी। आरोप है कि अनाविया उससे ऊपरकोट पर रहने वाले किसी अरमान नामक युवक से दोस्ती कराने की कहती थी। अनाविया लगातार उससे धर्म परिवर्तन कराने व दुबई में रहने वाले किसी दूसरे संप्रदाय के युवक से शादी कराने की बात कहती थी। जब उसने विरोध किया तो अनाविया आग बबूला हो गई और उसे बदनाम करने की धमकी देने लगी। 16 अक्तूबर को रिश्तेदारों से जानकारी मिली कि उसके नाम से एक फर्जी आईडी कौशल पंडित निवासी ग्राम बरौठ, अनाविया, उजाला व अरमान समेत चारों ने षडयंत्र रचकर बना ली है। फर्जी आईडी पर उसकी वीडियो व फोटो अपलोड कर उस पर अश्लील कमेंट लिख रहे हैं। आरोप है कि जब चारों लोगों से बातचीत की तो उन्होंने गालियां दीं, फिर उसे बदनाम करने की धमकी दी। बन्ना देवी के प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# ग्रामीण पत्रकार यूनियन अलीगढ की तहसील इगलास की मासिक बैठक आयोजित हुई

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ इगलास। रविवार को ग्रामीण पत्रकार यूनियन अलीगढ की तहसील इगलास इकाई की मासिक बैठक गौडा कस्बे स्थिति ग्रामीण पत्रकार यूनियन के तहसील कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष बहादुर सिंह ने सचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में पहुंचे सभी पत्रकारों ने बारी बारी से संबोधन में अपने-अपने विचार विमर्श रखे। बैठक में पहुंचे मुख्य अथिति यूनियन के जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा का तहसील अध्यक्ष व ग्राम प्रधान घूरे सिंह ने अंगवस्त्र प्रदान कर फूल माला से स्वागत किया। वही तहसील अध्यक्ष बहादुर सिंह ने कहा कि हम सबको एकता के साथ पत्रकारिता का कार्य करना है। जिलाध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने कहा कि जनपद में कहीं भी पत्रकार उत्पीड़न की घटना न तो आज तक बर्दास्त की गई है न भविष्य में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी साथी निर्भीकता से अपने कार्य करते रहे,।बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने संगठन को और गतिशील करने हेतु अपने-अपने विचार रख संगठन को और मजबूती प्रदान करने पर वल दिया। इस मौके पर बहादुर सिंह तहसील अध्यक्ष, ग्राम प्रधान घूरे सिंह, कु. धर्मेश शर्मा, प्रमोद कुमार, रामहरि सिंह, राममूर्ति गुप्ता, कोमल सिंह, गौरव चौधरी, बाबूलाल वार्ष्णेय, अनमोल कुमार, सोनू शर्मा, उमाशंकर शर्मा, सचिन कुमार, मुकेश कुमार आदि करीब दो दर्जन पत्रकार मौजूद रहे।



# करवा चौथ को लेकर बाजारों में दिखी रौनक

क्यूँ न लिखूँ सच -संतोष उपाध्याय

अलीगढ़ हाथरस में आज करवा चौथ के पर्व को लेकर बाजारों में काफी रौनक दिखाई दी सुहागन महिलाओ ने अपने पति की दीर्घायु को लिए आज उपवास रखा 7 शाम को चांद निकलने के बाद सुहागन महिलाए सोलह श्रृंगार कर भगवान गौरी शंकर की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगी 7 पूड़ी पकवानों से भोग लगाएंगी 7 आज सुबह से ही बाजारों में खरीदारी करने के लिए महिलाओ की भीड़ उमड़ी करवा चौथ पर महिलाये मिट्टी व धातु से बने करवो से चन्द्रदेव को अर्ग देती है 7 पूजा में मिट्टी व खांड दोनों के ही करवो को रखा जाता है 7 मिट्टी और खांड के करवो की जमकर बिक्री हुई 7 मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ दिखाई दी त्योहारों को चलती बाजार में भी जाम की स्थिति दिखाई दी, पुलिस ने भी आज ऐसी स्थिति को देखते हुए मुख्य बाजारों में बैरियर लगवादिये



आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9077776991

## संक्षिप्त समाचार

### रिटायर्ड फौजी बेटे ने की पिता की हत्या, पैसों के विवाद में चली गोली

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के लोहसरा गांव में रिटायर्ड फौजी बेटे धर्मेंद्र सिंह ने पैसों के विवाद में अपने 75 वर्षीय पिता बनी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजन बनी सिंह को तुरंत जिला मलखान सिंह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर फारुख अंसारी ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों की तहरीर पर आरोपी धर्मेंद्र सिंह की तलाश शुरू कर दी है। घटना थाना लोधा क्षेत्र के अंतर्गत हुई।

### रिठौरा में सर्राफा बाजार में चला संघन चेकिंग अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर में रविवार को सर्राफा बाजार में संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कस्बे में लगभग चालीस सोने -चांदी के आभूषणों की दुकानें हैं। प्रशासन त्योहारों के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चाक -चौबंद रखने एवं किसी भी तरह से व्यापारियों एवं ग्राहकों को असुविधा न हो इसके लिए सभी ज्वैलरी शाप मालिकों के नाम, मोबाइल नंबर एवं उनके प्रतिष्ठानों में कैमरों की स्थिति की जानकारी लेकर जहां कैमरे नहीं लगे हैं। उन्हें तुरंत कैमरे लगवाने को कहा इस दौरान चौकी प्रभारी सौरभ यादव, सुधीर कुमार सहित तमाम फ़ोर्स मौजूद रहा।



### खण्डेलवाल कालेज और ओमनी लर्न के बीच हुआ एम.ओ.यू.

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। शिक्षा के बढ़ते आयामों को और बेहतर करने के लिए रविवार को खण्डेलवाल कॉलेज एवं विश्व प्रसिद्ध सर्टिफिकेशन संस्थान ओमनी लर्न प्रोफेशनल प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के मध्य एम.ओ.यू. साइन हुआ। ओमनी लर्न की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमोल स्वरूप के लिए खंडेलवाल कॉलेज की ओर से महानिदेशक डॉ0 अमरेश कुमार के लिए इस ओम एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। जिसके लाभ छात्रों को सिक्स सिग्मा सर्टिफिकेट क्षेत्र का मिलेगा जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। जिससे उनके बायोडाटा और अधिक समृद्ध हो सकेंगे के द्वारा इसके लिए हाई क्वालिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से सर्टिफिकेशन किया जा सकेगा तथा विद्यार्थियों को कोर्स मैटेरियल का विशेषज्ञों की राय भी उपलब्ध रहेगी प्रबंध निदेशक डॉ0 विनय खंडेलवाल ने बताया कि एम.ओ.यू इस दोनों संस्थाओं के बीच विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु काम करेगा विद्यार्थियों को रोजगार में बेहतर अफसर मिलेंगे। कार्यक्रम में ओमनी लर्न निदेशक आयुषी अग्रवाल, कालेज के प्राचार्य डॉ0 आर0के0 सिंह डॉ0 प्रबोध गौड़ एवं संचालन प्रवक्ता मुकुल गुप्ता ने किया।




# शराब पीकर घूम रहे 11 लोग गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -संतोष उपाध्याय

अलीगढ़ हाथरस मे हाथरस जंक्शन कोतवाली पुलिस ने बीच बाजार में शराब पीकर घूम रहे 11 लोगों को हिरासत में लिया है 7 उनके विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही की है 7 दीपावली के पर्व को लेकर पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है 7 इसी क्रम में हाथरस जंक्शन कोतवाली ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है 7 यह सभी शराब पीकर बाजार में घूम रहे थे 7 पकड़े गए लोगों में रंजीत पुत्र अमर सिंह,निवासी नई बस्ती रामपुर थाना हाथरस जंक्शन,कमल किशोर पुत्र महावीर सिंह निवासी नगला खरग थाना हाथरस जंक्शन,विशाल पुत्र शेर सिंह निवासी कस्बा थाना हाथरस जंक्शन, राजू पुत्र वीर शाह निवासी बडपुरा थाना सोरों जिला कासगंज, मोमू पुत्र राम प्रकाश निवासी पवलोई थाना हाथरस जंक्शन, सचिन पुत्र रूप किशोर निवासी पवलोई थाना हाथरस जंक्शन, राज कपूर पुत्र सत्यदेव निवासी नगला केसो थाना हाथरस जंक्शन, सागर पुत्र नंद गोपाल निवासी श्रीनगर देवी नगर थाना हाथरस जंक्शन, मनवीर पुत्र तेजपालनिवासी देवी नगर थाना हाथरस जंक्शन,अविनाश पुत्र रामबाबू निवासी नगला केसो हाथरस जंक्शन,दीपक पुत्र पूरन सिंह निवासी रामपुर थाना हाथरस जंक्शन शामिल है 7




# प्लॉट के लिए पत्नी को मार डाला आरोपी पति भागा नहीं पुलिस को फोन करके बोला लाश ले जाओ

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के रोरावर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने संपत्ति के विवाद में पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया और कहा कि पत्नी की हत्या कर दी है। आकर लाश ले जाओ अलीगढ़ में प्लॉट के लिए पत्नी को मार डाला-आरोपी पति भागा नहीं, पुलिस को फोन करके बोला- लाश ले जाओ; कबाड़ का काम करता है आरोपी पति भागा नहीं, पुलिस को फोन करके बोला- लाश ले जाओ; कबाड़ का काम करता है राबिया के नाम पर दो प्लाट थे। जिसके कारण उसके पति ने उसकी हत्या कर दी है। अलीगढ़ के रोरावर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने संपत्ति के विवाद में पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया और कहा कि पत्नी की हत्या कर दी है। आकर लाश ले जाओ। आरोपी की बात सुनकर पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल क्षेत्रिय पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर देखा तो महिला की लाश उसके बेड पर पड़ी हुई थी और आरोपी वहीं पर बैठा हुआ था। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 16 साल पहले हुआ था निकाह- रोरावर थाना क्षेत्र के आसिफ बाग नीवरी निवासी इरफान का निकाह 16 साल पहले हाथरस के नगला भीका निवासी राबिया ( 45 ) के साथ हुआ था। इरफान और राबिया के तीन बच्चे भी हैं और वह सभी साथ में रहते थे। इरफान कबाड़ का काम करता था। पति पत्नी के बीच प्लाट बेंचने को लेकर विवाद चल रहा था। घटना के दिन आरोपी पति पहले अपने तीनों बच्चों को पड़ोस में ही रहने वाले भाई के घर छोड़ आया था। इसके बाद उसने पत्नी से झगड़ा शुरू किया। जब वह नहीं मानी तो आरोपी ने हत्या कर दी। प्लाट नहीं बेंच रही थी, इसलिए मारा- घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी पति इरफान को अपने साथ थाने ले आई और पूछताछ शुरू की। जिस पर आरोपी ने बताया कि वह कबाड़ का काम करता था। इन दिनों उसे रुपयों की जरूरत थी और उसकी पत्नी के नाम पर 50-50 गज के दो प्लाट थे। वह लगातार अपनी पत्नी से कह रहा था कि एक प्लाट को बेंचकर उसे रुपए दे दे। लेकिन राबिया प्लाट बेंचने को तैयार नहीं हो रही थी। घटना के पहले भी वह प्लाट बेंचने की बात कह रहा था, लेकिन राबिया नहीं मानी और उसे भला बुरा कहने लगी। जिसके कारण उसे गुस्सा आई और उसने राबिया की हत्या कर दी।मायके पक्ष ने लगाए गंभीर आरोप-महिला हाथरस की रहने वाली थी। हत्या की सूचना मिलने पर उसके मायके पक्ष के लोग भी अलीगढ़ आ गए और उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है कि राबिया की हत्या तीन लोगों ने मिलकर की है, लेकिन पुलिस ने सिर्फ एक को ही गिरफ्तार किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उनसे अपनी मर्जी से तहरीर लिखवाई है और उनकी मूल तहरीर को बदलवा दिया। एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक ने बताया कि प्रॉपर्टी के विवाद में आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या की है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों को जागरूक होने से घटेंगे अपराध अरबिंद बाबू

क्यूँ न लिखूँ सच

नवाबगंज।पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्रेम में साकार संस्था एवं मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम किया गया। साकार संस्था से रिजवान के संरक्षण व सुरक्षा के अधिकार के अभियान के विषय में कोमल वीडियो क्लिप? के मध्यम से बाल हिंसा और बाल मजदूरी से जुडी वीडियो दिखाई गयी। संरक्षण और सुरक्षा का अर्थ बताते हुए इसके उदेश्य बताए।बच्चों को कैसे जागरूक रहना चाहिए ,बाल विवाह तथा पोक्सो एक्ट के बारे मे बताया।




मिथलेश द्वारा बच्चों को गुड टच, बेड टच और बाल संरक्षण, बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल हिंसा बताया गया। अरविन्द बाबू के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस हेल्पलाइन 100 से बदलकर 112 कोई रखा गया इसके बारे मे बच्चों को विस्तार से बताया। जिसमें आप अपनी या दूसरों की सहायता किस प्रकार करेंगे। मौलिक अधिकारों के बारे में बताया और बच्चों को शिक्षा का अधिकार, विकास का अधिकार और कानून से जुड़े सभी अधिकारों के बारे मे बताया।हाफिजगंज थाने से पहुंचे एस आई अरविन्द बाबू ने सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। सभी बच्चों के साथ क्विज कॉम्पीटिशन कराया गया। उसमे से पांच बच्चों को विजय घोषित किया गया, प्रतियोगिता में बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। अभियान में साकार संस्था से रिजवान खान, मिथलेश और प्रियंका, मीनू सिंह, रुपदेई , रिंकी ,कल्पना आदि मौजूद रहे।

# हिताची मनी शॉप एटीएम का उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

रामपुरा,जालौन। कस्बा रामपुरा के ऊमरी स्टैंड पर हिताची मनी शॉप एटीएम का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत सामने ऊमरी बस स्टैंड उपलब्ध कराने की एटीएम का उद्घाटन अशोक कुमार राठौर शुभारंभ करने के नगरीय क्षेत्र की बैंको खाताधारकों की जरूरत पर शीघ्रता में बहुत समय लगता है सुविधा प्रारम्भ होने के जरूरतभर कैश की सकेगी।इस अवसर पर सिंह सेंगर रेशू,कप्तान राठौर ,संजय




रामपुरा में पुलिस थाने के मोड पर एटीएम सुविधा दिशा में हिताची मनी शाप हुआ प्रांतीय शिक्षक नेता ने फीता काटकर एटीएम का दौरान कहा कि ग्रामीण एवं में लेनदेन करने के लिए लंबी लाइन है जिसके कारण रुपया निकासी के लिए लेकिन हिताची एटीएम बाद अब लोगों को निकासी सरलता से हो डा. राम अवतार राठौर,संजय सिंह राठौर,आकाश रूपापुर,सत्यम,मिंटू शाक्य,यूनुस खान,सोनू यादव,अखिलेश मिश्रा,संतराम राठौर, संजू झा,कपिल सिंह,मोनू दुबौलिया, सुरेंद्र पाल,अंचू यादव,पवन कुशवाहा,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे

# बहू नें पैतृक घर में कब्जा कर, पीड़ित नें एएसपी से लगाई गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

उरई,जालौन। थाना कोतवाली उरई के मोहल्ला उमरारखेरा निवासी गोविंदनारायण पुत्र सुखलाल ने अपने परिजनों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर गुहार लगाई। प्रार्थनापत्र में बताया कि उनकी बहू रोशनी देवी व बहू के घरवालों ने उनके पैतृक घर में कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से वह पत्नी सहित दर दर की ठोंकरें खाने को मजबूर है। मामले को गंभीरता से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने शहर कोतवाली प्रभारी को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। गोविंदनारायण ने अपने प्रार्थनापत्र में बताया कि उनके बड़े लड़के मोनू कुमार और बहू रोशनी देवी में आपस में विवाद चल रहा है। बहू रोशनी ने



उन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला भी दर्ज कराया है। इसके बाद बहू रोशनी देवी ने 25 फरवरी 2024 को घर में लड़ाई झगड़ा कर घर से सभी को निकाल दिया। अब वह सब लोग बेघर हो गया है। गोविंदनारायण, उनकी पत्नी व दो बेटे अलग अलग स्थानों पर रह रहे हैं। रोशनी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उनके घर में कब्जा कर लिया। बीती 28 अगस्त को जब गोविंदनारायण और उनका बेटा मोनू कुमार मोहल्ला उमरारखेरा स्थित अपने घर का हालचाल लेने जा रहा था। तो रोशनी, उसके पिता व भाई प्रेमचंद, धर्मेश व सर्वेश ने घर में घुसने से रोका। घर के सामान में तोड़फोड़ की है। साथ ही कई जरूरी सामान अपने कब्जे में कर लिया है। साथ ही घर में घुसने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। गोविंद नारायण ने बताया कि बहू रोशनी के भाई मैजिक संचालन करते हैं, जिससे वह दबंग है और धमकाते है। उन्होंने मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की। अपर पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले में न्याय दिलाने की बात की।

# जिलाअधिकारी के आदेश आदेश अनुसार शामली में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय शामली के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त ( खाद्य ) द्वितीय शामली श्री पंकज कुमार व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामली श्री विनोद कुमार राय के नेतृत्व में आज जनपद शामली स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। तत्क्रम में लिसाढ किवाना रोड जनपद शामली स्थित 02 स्पन्ज रसगुल्ला निर्माण इकाईयों जिनके मालिक मोहित पुत्र सुरेन्द्र तथा बिट्टू पुत्र सुशील है, के यहाँ छापामार कर राजकीय जांच हेतु नमूना संग्रह की कार्यवाही की गयी। छापामार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री श्याम बहादुर सिंह, एवं श्री कुंवर पाल सिंह उपस्थित रहे। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी



# पीथमपुर में केशव बस्ती एवं भगत सिंह बस्ती का पथ संचलन निकाला

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर आरएसएस का विजयादशमी पथ संचलन परम्परा का निर्वाह करते हुए। 20 अक्टूबर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पीथमपुर नगर की केशव बस्ती एवं भगतसिंह बस्ती का पथ संचलन निकला। दोनो बस्ती के स्वयंसेवक निर्धारित समय पर पहुंचे। मुख्य अतिथि के रूप मे धार विभाग सह कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक चंद्रकांत नोबदे एवं नगर कार्यकारिणी सदस्य श्री महेश जी बघेल उपस्थित रहे। ध्वज प्रणाम कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेश जी बघेल ने इस मौके पर संबोधित किया।इसके बाद पथ संचलन छत्रछाया सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर बस्ती के प्रमुख मार्गो से होता हुआ निकला।जिसका समाज द्वारा अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



# देवेंद्र नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -घनश्याम प्रसाद शर्मा

देवेन्द्र नगर -अधीक्षण अभियंता पन्ना श्री सी.पी.सिंह साहब एवं श्रीमान कार्यपालन अभियंता पन्ना श्री अमितेश मिश्रा साहब के निर्देशानुसार देवेंद्र नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें श्रीमान प्रशांत खरे जी सहायक अभियंता, श्रीमान तेजभान चतुर्वेदी जी सहायक अभियंता,श्रीमान कनिष्ठ अभियंता अमरदीप सिंह परिहार जी,श्री कनिष्ठ अभियंता उमेश पांडे जी, श्रीमान कनिष्ठ अभियंता विकास गुप्ता जी,श्रीमान कनिष्ठ अभियंता श्री फिरोज खान जी विद्युत चेकिंग के दौरान पन्ना रोड, सतना रोड, सोसायटी रोड, बस स्टैंड, बस्ती, सलेहा रोड, में अवध रूप से विद्युत प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं की प्रकरण दर्ज किया गया एवं डोरी भी जप्त की गई लंबित विद्युत बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं की कनेक्शन विच्छेद किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा अतः सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से आग्रह किया जाता है वेद कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें

# जिला गंगा समिति जिला पर्यावरण समिति जिला वृक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति/जिला पर्यावरण समिति/जिला व्रक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य विकास ने सर्वप्रथम गंगा समिति की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित विभागों को समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पर्यावरण समिति के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समस्त नगर निकायों को निर्देश दिए गए कि वह निकायों में प्रवाहित नालों पर बायोरमीडियेशन का कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। जिसके बाद वृक्षारोपण समिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी को क्रॉस चैकिंग रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह सहित सभी विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




# हाथ कागज उद्यमियों का सम्मेलन तथा कागज प्रदर्शनी का कार्यक्रम आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कालपी जालौन - उत्तर प्रदेश सरकार के लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हांथ कागज उद्योग तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के विकास के लिए सरकार पूरी तरह से तत्पर है। औधोगिक स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने पर सरकार इंडस्ट्रियल एरिया का दर्जा देगी। तथा ऋण तथा अनुदान दिलाकर उधमियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। शनिवार को उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समिति कालपी के तत्वावधान में बुंदेलखंड गार्डन कालपी यमुना पुल के समीप आयोजित




हाथ कागज उद्योग के उद्यमियों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि शासन के द्वारा लघु उद्यमियों के हितों की योजनाओं को चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोएडा अलीगढ़ कानपुर देहात तमाम जनपदों में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने के लिए शासन के द्वारा योजनाएं चलाई गई है। उन्होंने भरोसा दिया के एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल जिला जालौन के हाथ कागज उद्योग को मैं पूरी तरीके से बुलन्दियो पर पहुंचाने का निरंतर प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा उद्यमियों के हितों लिए ऋण तथा अनुदान की व्यवस्था चल रही है। उद्योगों के विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि हाथ कागज उद्योगों की जो भी समस्या होगी उसका तत्परता से समाधान किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने विभागीय मंत्री राकेश सचान को विधुत , जीएसटी, सरकारी संस्थानों में हाथ कागज की आपूर्ति व्यवस्था समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर के तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप कर निदान करने की मांग उठाई है। इस क्रम में उद्योग मंत्री ने कार्यक्रम स्थल में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुवे प्रोडक्टो की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए जब कि कार्यक्रम का संचालन रविंद्र नाथ गुप्ता के द्वारा किया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि नवीन गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव,पवनदीप निषाद प्रधान,सलीम खान,राजू पतारा अरविंद गुप्ता संजय गुप्ता दिनेश गुप्ता, अशोक बाजपेई, कुलदीप शुक्ला, अकरम जीलानी, भोला शंकर शर्मा, रमेश शर्मा,प्रेम कुमार गहोई, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी मयंक गौतम सहित गणमान्य नागरिकों,उद्यमियों की सहभागिता रहेगी। कैबिनेट मंत्री का उधमियों तथा गणमान्य नागरिकों ने शाल उड़ाकर, फूल माला पहना कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया।इस अवसर पर उद्योग विभाग तथा कई अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहें।

# किशोरी व युवक झूले फांसी पर हुई मौत , दोनों घरों में मचा कोहराम

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार


कदौरा/जालौन,थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव मे परिजनों द्वारा एक दूसरे के साथ विवाह न करने पर किशोरी व युवक ने मकान पर बने कमरे मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों दिया मृतक युवक रामलीला नौटंकी दर्शकों का मनोरंजन करता था घटना शुक्रवार रात को ग्राम बड़ागांव निवासी पुत्री बजरंगा निषाद 19 वर्ष सूत्रों की चल रहा था जिसकी जानकारी दोनों गई लेकिन साथ जीने मरने की कसमें लगा ली शुक्रवार रात को प्रेमी से मिलने गए और कमरे मे बने लकड़ी की बल्ली पूनम के घर वालों को वो नहीं दिखी को फांसी पर लटका देख कर होश उड़ पोष्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना की फरिनसिक टीम के साथ घटना स्थल



शव को उतार कर पोष्टमार्टम के लिए भेज व अन्य मंचो पर महिला नृत्य का रोल करके की जानकारी पर गांव मे मातम छा गया है कुंवारलाल पुत्र गोपीलाल 24 वर्ष व पूनम माने तो दोनों का प्रेम प्रसंग विगत 3 वर्षो से के परिजनों को हुई तो दोनों पर सख्ती की खाने वाले प्रेमी युगल ने बीती रात फांसी पहुंची प्रेमिका को देख कर दोनों भावुक हो पर दोनों ने फांसी पर झूल गए सुबह जब तो परिजन कुंवारलाल के घर पहुचे तो दोनों गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जानकारी पा कर सीओ अवधेश कुमार सिँह पर पहुचे और बारीकी से छान बीन की वही थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जांच पड़ताल की जा रही है

# 5 mistakes that ruin a happy relationship, if you are not careful now; then you will keep rubbing your hands

It is easy to get into a relationship but staying in it has become a big challenge for today's couples. With time, the differences that happen turn into fights and quarrels and soon the situation of breakup comes. In such a situation, today in this article we will tell you about 5 such mistakes (Relationship Mistakes) that destroy a happy relationship. It is very important to have coordination between the couple



in a relationship. Many times even small fights lead to breakup. To keep any relationship healthy, some mistakes should be avoided. Once upon a time, two hearts met and fell in love. In the beginning, everything seemed very beautiful. Every moment was writing a new story, but gradually things started changing. The love that once bloomed like flowers was now filled with thorns. Initially, both of them tried to understand each other, but gradually their thinking started to differ. They started arguing on every small thing (Relationship Mistakes). They started having expectations from each other which were not getting fulfilled. The boy thought that the girl would always keep him happy, but the girl was also a human being. She also used to get tired. The girl thought that the boy would always obey her every word, but the boy was also the master of his own will. All this continued and one day the time came when the distance between the two (Relationship Problems) increased so much that they were not able to understand each other. And then one day the time came when both of them decided to distance themselves from each other. Let us tell you, many times we do not try to save our relationships. We just keep finding the mistakes of others. We forget that there are two people in a relationship and the efforts of both are very important to run it. If you want your relationship to be good and happy, then along with trying to understand each other and respecting each other's feelings, you also have to avoid some mistakes. Let's know about 5 such mistakes that can ruin any relationship. Comparing partner- Comparing your partner with someone else weakens their confidence, which creates tension in the relationship. Every person has their own strengths and weaknesses. Instead of trying to make them like you, you should try to understand them and grow in personal life with each other's support. Not accepting mistake- The reason for fights in many couples is that one of the two is not ready to accept their mistake. If you also always keep blaming the other, then remember that this habit of yours is not good not only for the relationship but for any relationship. In such a situation, if you want to save your relationship from getting ruined, then try to change this habit immediately. Suppressing complaints in the mind- Suppose your partner is not giving you time. If you keep feeling sad about this matter in your mind, then your relationship will be spoiled. It would be better if you talk to them openly about why you are feeling this way. Remember, suppressing problems does not solve them automatically, rather bitterness and misunderstanding increases more. Ignoring the partner- Ignoring your partner is one of the biggest mistakes in any relationship. Whether you are angry about something or want to avoid conversation, ignoring is not a solution to the problem. It increases distance in your relationship and creates emotional stress. In a healthy relationship, both partners listen to each other, understand and express their feelings openly. Excessive expectations- We should expect to get as much from any person as he can give. We should not have such expectations from anyone which they cannot fulfill. Keep in mind, when we impose our wishes on others, tension arises in the relationship. Often people want such things from their partner which the partner is not even aware of. This increases misunderstandings and weakens the relationship, so always remember that unexpressed expectations lead to fights and resentment in relationships.

# If these signs are seen in your child, then understand that your child is more intelligent than others.

Every child is different and their abilities and personality are also different. But some children are more intelligent from childhood, which makes them different from the average. Some children get the right guidance and support from childhood, due to which they achieve a very high position in future. Some signs (Signs of high IQ in children) are seen in such children. Every child has his own specialty. Some symptoms in children show that their IQ is higher




than others. By showing and supporting children the right path, they can become successful in future. Every child is special, because his unique abilities and personal qualities give him a different identity. Anyway, every child thinks, understands and grows in his own way. His interests, creativity and ways of solving problems are different. In such a situation, when these characteristics of children get the right guidance and support, it helps them to reach their full potential. But some children are more intelligent than average, in whom the abilities visible make them special from the common. So let's know about these abilities visible in children. What are the signs of high IQ? - Early development of language - Children more intelligent than average start speaking early and express themselves clearly. Vocabulary develops quickly in such children. Often young children learn to speak slowly, but more intelligent children develop these skills quickly. Extreme curiosity - More intelligent children are curious, they ask questions about everything, like why and how. They want to understand the world around them deeply. Such children have this quality since childhood. Focus for a long time - Young children usually get bored of an activity soon, but intelligent children remain engaged in the same work for a long time, which shows their deep interest and focus. Sharp memory - More intelligent children remember things quickly and they remember small events, dates, or information for a long time. Creativity and imagination- These children create new stories, adopt imaginative ways in games and are creative in solving problems. Independence- Such children are self-directed and like to learn new things on their own according to their interests. Ability to solve problems- Children with above average intelligence are adept at solving problems in a logical way and adopt unusual approaches which makes them different from others. High emotional understanding- They understand the feelings of others better and respond with empathy. Interest in many subjects- These children show interest in different subjects and try to gain deep knowledge in every field.

# Will remove the fine lines visible on the face, will look young even at increasing age

With increasing age, the collagen of the skin starts decreasing. Due to this, wrinkles start appearing on the skin. However, this problem can be reduced by including collagen-rich foods in the diet. Many other skin problems are also cured by these foods. Let's know about collagen-rich foods. Collagen starts decreasing with increasing age. Due to less collagen, wrinkles start appearing on the face. Eating collagen-rich remain healthy. However, with age, skin face. But these skin related problems can be collagen is very important for the skin and it the skin elastic and healthy. As age increases, wrinkles and wrinkles in the skin. But if you elasticity of the skin, which can reduce wrinkles. along with collagen, as they aid in the formation Foods) in which collagen is found which can wrinkles. Avocado- Avocado is an exotic fruit. It contains healthy fats and vitamin-E, which Skin problems can be overcome by consuming lemon etc. are important in the formation of consumption keeps the skin healthy. Green broccoli etc. are considered rich in antioxidants. Along with this, it is also considered very you can consume fish like salmon, sardines etc. collagen, which reduces inflammation and improving joint health and increasing skin for the body.



foods keeps the skin young. Everyone wants their skin to always problems like wrinkles and fine lines start appearing on the easily reduced and the skin can be made healthy. Actually can help in reducing wrinkles. Collagen is a protein, which keeps the level of collagen in the body decreases, which can cause increase the intake of collagen, it can help in increasing the Apart from this, nutrients like vitamin-C are also important of collagen. So let's know some such foods (Collagen-Rich improve your skin health and can be helpful in reducing However, nowadays avocado is easily available in the market. promotes collagen production and provides moisture to the skin. it. Citrus fruits- Citrus fruits rich in vitamin-C such as orange, collagen and along with this they make the skin glowing. Its leafy vegetables- Apart from fruits, green vegetables like spinach, They help in keeping the skin healthy and boost collagen levels. beneficial for the body. Fish- If you are a non-vegetarian, then Omega-3 fatty acids are found in them and they are also rich in keeps the skin hydrated. Bone broth- Bone broth helps in elasticity. It contains amino acids, which are considered essential

